भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3056

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

भारत एनसीएपी

3056. श्री धर्मबीर सिंह:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) का ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक कितने कार मॉडलों का परीक्षण किया गया है और उनकी सुरक्षा रेटिंग क्या है;

(ग) क्या सभी नई कारों के मॉडलों के लिए इन 'क्रैश टेस्ट रेटिंग' को अनिवार्य बनाने पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) वाहन सुरक्षा विशेषताओं के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) आकलन मानदंड में पैदल यात्रियों की सुरक्षा और बच्चों के साथ वाले लोगों की सुरक्षा को शामिल करने की क्या योजनाएं हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) भारत का आधिकारिक क्रैश-टेस्ट और वाहन सुरक्षा रेटिंग कार्यक्रम है, जो 3,500 किलोग्राम तक के सकल वाहन भार वाले एम1 श्रेणी के वाहनों पर लागू होता है। यह कार्यक्रम अगस्त 2023 में एक स्वैच्छिक पहल के रूप में शुरू किया गया था और 1 अक्टूबर 2023 से परिचालन में आ गया।

इस कार्यक्रम को एक व्यापक प्रणाली के रूप में स्थापित किया गया है ताकि देश में बिकने वाली कारों के लिए विश्वसनीय, पारदर्शी और भारत-विशिष्ट स्टार-आधारित सुरक्षा रेटिंग प्रदान की जा सके, जिससे उपभोक्ता सोच-समझकर खरीदारी का निर्णय ले सकें। भारत एनसीएपी के तहत मूल्यांकन मानदंड मौजूदा वैधानिक नियामक आवश्यकताओं के अतिरिक्त हैं।

(ख) इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक कुल 27 सुरक्षा रेटिंग जारी की जा चुकी हैं।

नीचे वयस्क यात्री सुरक्षा (एओपी) और बाल यात्री सुरक्षा (सीओपी) के लिए मूल्यांकित वाहन मॉडलों की सुरक्षा रेटिंग दी गई है।

क्र.सं.	वाहन निर्माता	वाहन मॉडल	एओपी रेटिंग	सीओपी रेटिंग
1	टाटा	सफारी	5	5
2	टाटा	हैरियर	5	5
3	टाटा	पंच ईवी	5	5
4	टाटा	नेक्सन ईवी	5	5
5	टाटा	नेक्सॉन	5	5
6	सिट्रॉन	बैसाल्ट	4	4
7	टाटा	कर्व	5	5
8	टाटा	कर्व ईवी	5	5
9	महिंद्रा	एक्सयूवी 3एक्सओ	5	5
10	महिंद्रा	एक्सयूपी 400 ईवै	5	5
11	हुंडई	टक्सन	5	5
12	महिंद्रा	थार रॉक्स	5	5
13	स्कोडा	कायलाक	5	5
14	महिंद्रा	बीई 6	5	5
15	महिंद्रा	एक्सईवी 9ई	5	5
16	किआ	सिरोस	5	5
17	मारुति	बलेनो (2 एयरबैग)	4	4
18	मारुति	बलेनो (6 एयरबैग)	4	4
19	मारुति	डिजायर	5	5
20	टोयोटा	इनोवा हाइक्रॉस	5	5

21	टाटा	हैरियर.ईवी	5	5
22	मारुति	विक्टोरिस	5	5
23	टाटा	अल्ट्रोज़	5	5
24	मारुति	इनविक्टो	5	5
25	सिट्रोन	सी3 एयरक्रॉस	5	4
26	होंडा	अमेज	5	4
27	मारुति	ई विटारा	5	5

(ग) वर्तमान में, इस कार्यक्रम के तहत, एआईएस-197 प्रोटोकॉल के अनुसार कारों का परीक्षण स्वैच्छिक आधार पर किया जाता है।

(घ) सुरक्षा रेटिंग और स्टार रेटिंग का प्रकाशन जनता के लिए सुलभ है, जिससे उपभोक्ता दुर्घटना प्रदर्शन के आधार पर कार मॉडलों की तुलना कर सकते हैं।

(ङ) पैदल यात्री सुरक्षा और बाल यात्री सुरक्षा पहले से ही मौजूदा भारत एनसीएपी मूल्यांकन प्रोटोकॉल का हिस्सा हैं। बाल यात्री सुरक्षा रेटिंग प्रत्येक वाहन को अलग से प्रदान की जाती है।

*****